4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


**गुस्ताखी माफ**

जिधर देखिए फिर रहे, इधर-उधर बदमाश।
पुलिस नहीं दिखती कहीं, कितना करें तलाश।
कितना करें तलाश, छुपी रहती है कपटी।
फिरें उठाईगीर, मची है छीना-झपटी।
कह साहिल कविराय, और अब किधर देखिए।
इधर-उधर बदमाश, फिर रहे जिधर देखिए।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 60 | SATURDAY 14-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# PM बोले- LPG को लेकर कुछ लोग डर फैला रहे:वो इससे फायदा उठाना चाहते हैं, कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली /यूटर्न/ 13मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छढक्रॄ को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं, लेकिन संकट के समय इस तरह का माहौल देश के लिए नुकसानदायक होता है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि LPG की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।



## समिट में दुनियाभर के पॉलिटिकल लीडर्स शामिल हो रहे

NXT समिट 2026 एक तीन दिन का लीडरशिप फोरम है, जिसमें दुनिया भर के राजनीतिक नेता, राजनयिक, वैज्ञानिक और बिजनेस से जुड़े बड़े लोग शामिल हो रहे हैं। यह समिट ITV नेटवर्क की ठळ पहल के तहत संडे गार्डियन फाउंडेशन और न्यूज-एक्स के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। समिट में केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी हिस्सा लेंगे। इनमें पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह, मनोहर लाल खट्टर और अर्जुन राम मेघवाल शामिल हैं। इसके अलावा देश के कई राजनीतिक नेता भी चर्चा में भाग लेंगे। इनमें नायब सिंह सैनी, विवेक तन्खा, निशिकांत दुबे, मनीष तिवारी और शशि थरूर शामिल हैं। वहीं विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा में पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित NXT समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण हैं और युद्ध की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा- ऱऐसे समय में देश को शांति और धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करना होगा। संकट के समय हर किसी की जिम्मेदारी होती है। इसमें चाहे वह राजनीतिक दल हों, मीडिया हो, सामाजिक संस्थाएं हों या फिर गांव और शहर के लोग।

# निवेश सम्मेलन के दौरान मार्कफेड के उत्पादों में लोगों ने विशेष रुचि दिखाई



पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च। पंजाब राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे निवेश सम्मेलन के दौरान विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों पर डेलीगेट्स द्वारा भरपूर रुचि दिखाई जा रही है। पंजाब के सहकारी संस्थान मार्कफेड द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। इस स्टॉल पर मार्कफेड द्वारा चावल, शहद, डिब्बाबंद सब्जियां, मल्टीग्रेन दलिया, गुड़-शक्कर, सरसों का तेल, घी, अचार और आटा सहित अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। मार्कफेड स्टॉल के नोडल इंचार्ज अनिल कुमार पुरी ने बताया कि इस सम्मेलन में भाग लेने आए डेलीगेट्स द्वारा मार्कफेड के शहद, मसाला गुड़, तेल, अचार और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के बारे में सबसे अधिक जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि मार्कफेड के उत्पाद ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, अरब देशों सहित कई अन्य देशों में निर्यात किए जाते हैं और इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज कुछ डेलीगेट्स ने अफ्रीकी देशों में मार्कफेड के उत्पादों के निर्यात के लिए मार्कफेड से संपर्क भी किया है। अनिल कुमार पुरी ने बताया कि मार्कफेड द्वारा तैयार किए गए शहद ने दुनिया के सबसे बड़े गुणवत्ता परीक्षण एन.एम.आर. (जो एक जर्मन कंपनी द्वारा किया जाता है) में पहला स्थान हासिल किया है।

# समाजसेवी बरखाराम भाविप के नॉर्थ रीजनल संयोजक नियुक्त



डेराबस्सी, यूटर्न, 13 मार्च। भारत विकास परिषद केन्द्र नेतृत्व ने समाजसेवी बरखा राम को वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर क्षेत्रीय संयोजक(पर्यावरण) नियुक्त किया है। श्बरखा राम वर्तमान मे भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा डेराबस्सी के अध्यक्ष हैं। उनका कार्यक्षेत्र तीन प्रांतों में पंजाब पूर्व, हिमाचल पूर्व व चंडीगढ़ मे पर्यावरण संबंधित कार्यक्रम के बारे रहेगा। बरखा राम अनेक वर्षों से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा से जुड़े हैं और नेत्रदान एवं रक्तदान मुहिम में उनका इलाके में काफी योगदान रहा है।

# प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट को मिली तेजी; यूके की कंपनी 3 एसोसिएट्स ने 1,407 करोड़ के निवेश की घोषणा की

## उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा की लगातार कोशिशों और निवेशक-केंद्रित सुधारों से पंजाब में वैश्विक भरोसा बढ़ा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मार्च। पंजाब के उद्योग-अनुकूल माहौल पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को और मजबूत करते हुए, यूके की कंपनी 3 एसोसिएट्स ने प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य में 1,407 करोड़ के बड़े निवेश की घोषणा की है। निवेश की यह बड़ी घोषणा पंजाब के उद्योग और वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा के अथक प्रयासों और रणनीतिक नेतृत्व को दर्शाती है। संजीव अरोड़ा लगातार निवेशकों तक पहुँच बनाने की पहल और नीतिगत सुधारों का नेतृत्व कर रहे हैं, ताकि पंजाब को निवेश के लिए एक पसंदीदा जगह के तौर पर स्थापित किया जा सके। यह घोषणा 3 एसोसिएट्स के सीआईओ जेसदेव सग्गर ने एसएएस नगर (मोहाली) स्थित प्लाका यूनिवर्सिटी में आयोजित एक उच्च-स्तरीय सत्र के दौरान की। इस सत्र का शीर्षक था सेटा के तहत अवसरों को खोलना: यूके-पंजाब व्यापार और निवेश साझेदारी को मजबूत बनाना। इस मौके पर उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस भी मौजूद थे। इस प्रस्तावित परियोजना का अनुमानित सकल विकास मूल्य 4,700 करोड़ है। इससे रोजगार के बड़े अवसर पैदा होने और ज्ञान-आधारित व डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में पंजाब के एक अग्रणी राज्य के तौर पर उभरने की उम्मीद है।





**विकास के नए युग की शुरूआत होगी...**इस दौरान उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने पंजाब पर भरोसा जताने के लिए 3 एसोसिएट्स के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार, सक्रिय शासन, नीतिगत स्थिरता और निवेशकों को समर्पित सहायता तंत्र के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अरोड़ा ने बताया कि प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट महीनों की गहन वैश्विक पहुँच, उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ रणनीतिक बातचीत और लगातार की गई फॉलो-अप कोशिशों का ही नतीजा है। इन कोशिशों का मकसद निवेश के इरादों को जमीनी हकीकत में बदलना था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियां, व्यापार करने में आसानी में सुधार, मजबूत बुनियादी ढांचा और कुशल कार्यबल मिलकर राज्य में औद्योगिक विकास के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं।

**शिक्षा मंत्री ने की सारहना...**शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पिछले कुछ महीनों में ऐतिहासिक निवेश आकर्षित करने के लिए उद्योग मंत्री के लगातार प्रयासों की सराहना की, और पंजाब की आर्थिक कहानी में एक स्पष्ट बदलाव का ज़िक्र किया। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग के विशाल अवसरों पर भी जोर दिया, साथ ही पंजाब के ज्ञान-आधारित तंत्र को और मजबूत करने के लिए कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसे ब्रिटेन के प्रमुख संस्थानों के साथ शैक्षणिक साझेदारी की वकालत की।

**प्रगति की और बढ़ रहा पंजाब...**पंजाब की ताकतों पर प्रकाश डालते हुए, जेसदेव सागर ने कहा कि राज्य की युवा और गतिशील आबादी, मजबूत संस्थागत आधार और प्रगतिशील नीतिगत माहौल, कंपनी के निवेश के फैसले को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक थे। उन्होंने पंजाब को दीर्घकालिक विकास और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक आशाजनक प्रवेश द्वार बताया। तकनीकी शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव, तेजवीर सिंह ने राज्य की भविष्य-उन्मुखी औद्योगिक नीति और मोहाली तथा आसपास के क्षेत्रों द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों, वैश्विक क्षमता केंद्रों और ज्ञान-आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए दिए जाने वाले रणनीतिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

**पंजाब-ब्रिटेन के मजबूत होंगे उद्योगिक रिश्तें...**ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, अल्बा स्मेरिग्लियो ने पंजाब-ब्रिटेन साझेदारी को साझा आकांक्षाओं और आपसी विश्वास पर आधारित एक दीर्घकालिक यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (उएळअ) द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और गहरा करेगा तथा निवेश और सहयोग के नए रास्ते खोलेगा। ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य विभाग के हरजिंदर कांग ने सभी संबंधित पक्षों से भारत और ब्रिटेन के बीच साझा समृद्धि के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री सीमा बंसल भी इस सत्र में शामिल हुईं।

**मंत्री के प्रयास जारी...**निवेश की यह ताजा घोषणा, उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा के लगातार प्रयासों से हासिल की गई प्रमुख औद्योगिक प्रतिबद्धताओं की हालिया कड़ी में एक और उपलब्धि है; यह राज्य की आर्थिक परिवर्तन की यात्रा में 'प्रगतिशील पंजाब निवेशक शिखर सम्मेलन' को एक ऐतिहासिक सफलता बनाने की दिशा में चल रही गति को और मजबूत करती है।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India


FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 60 | SATURDAY 14-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# जोन-डी एरिया की प्रमुख सड़कों पर भी अवैध निमार्णों की भरमार, राजनेता की छत्रछाया, अधिकारियों की हुई चांदी

लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। जहां नगर निगम का जोन-ए और सी अवैध इमारतों में सबसे आगे है। वहीं अब जोन-डी भी कहीं पीछे नहीं रह गया। जोन-डी में बिल्डिंग ब्रांच की छत्रछाया में एक के बाद एक अवैध इमारतें बनने की चचाएं हैं। नया मामला मल्हार रोड और फिरोजपुर रोड का सामने आया है। मल्हार रोड पर वैल्कम पैलेस के अपोजिड और फिरोजपुर रोड पर एक ग्रोसरी स्टोर के साथ बहुमंजिलां अवैध इमारतें बनाई जा रही है। जहां मल्हार रोड पर कमर्शियल इमारत बन रही है, वहीं फिरोजपुर रोड पर होटल बनाया जा रहा है। चर्चा है कि दोनों इमारतें नक्शे से उल्ट बन रही है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि नगर निगम के अधिकारी इसे देखकर भी अनदेखा करते हैं। जबकि निगम की बिल्डिंग ब्रांच अधिकारी रोजाना इन्हीं सड़कों से गुजरते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह अवैध निर्माण दिखाई नहीं दे पाते। वहीं चर्चा है कि दरअसल, निगम अफसरों को इस लिए यह अवैध कार्य दिखाई नहीं दे पा रहा, क्योंकि कइयों की खुद की इसमें मिलीभगत है। चर्चा तो यह भी है कि इस कार्य में अधिकारियों को मोटी रिश्वत भी दी जा गई है।




कार्रवाई छोटे पर, साँठगाँठ बड़े पर।

## एटीपी से लेकर ऊपर सत्र के अधिकारी शामिल

चर्चा है कि इन दोनों इमारतों के निर्माण में एटीपी से लेकर उच्च सत्र के अधिकारी शामिल है। इसी के चलते उन्हें यह इमारतें नहीं दिख रही, जबकि जिन अवैध इमारतों के मालिकों से सेटिंग नहीं होती, उनके आए दिन निगम मुलाजिम निर्माण गिराने चले जाते हैं। अब देखना होगा कि क्या इन दोनों इमारतों पर भी पीला पंजा चलेगा या फिर सील और अनसील का खेल होगा।

## आप के राजनेता की मिलीभगत की चर्चा

चर्चा है कि इन दोनों निमार्णों के पीछे सबसे बड़ा हाथ आम आदमी पार्टी के एक राजनेता का है। राजनेता की और से बिल्डिंग मालिकों और निगम अफसरों की सेटिंग करवाई गई है। हालांकि फिरोजपुर रोड और मल्हार रोड हल्का वेस्ट का हिस्सा है। जहां से विधायक संजीव अरोड़ा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि यह हल्का मंत्री का है और यहां पर निर्माण दूसरा लीडर करवा रहा है।

# न्यू हाई स्कूल में जांच करने पहुंची पावरकॉम विभाग की टीमें, फिर रंगे हाथों पकड़ी अवैध बिजली सप्लाई करते कमेटी

लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। न्यू हाई स्कूल की सिविल लाइंस और सराभा नगर ब्रांच की कमेटी द्वारा लगातार अपने बिजली मीटर के जरिए अवैध तरीके से श्रीराम ग्लोबल यूनिवर्सल स्कूल, आठ विला और एक पीजी को बिजली सप्लाई की जा रही थी। इस मामले में कोर्ट के आदेशों पर पावरकॉम द्वारा स्कूल मीटर के कनेक्शन दोबारा जोड़ दिए थे। लेकिन अब इस मामले में शुक्रवार को पावरकॉम की टीम दोबारा से दोनों ब्रांच में जांच करने पहुंची। इस दौरान सिविल लाइंस ब्रांच में कमेटी द्वारा फिर से आठ विला और एक पीजी को अवैध तरीके से बिजली सप्लाई करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। वहीं जब टीम सराभा नगर ब्रांच में पहुंची तो कमेटी द्वारा अंदर से गेट को ताला लगा दिया गया, जिसके बाद गेट ही नहीं खोला। जिस कारण टीम को वापिस लौटना पड़ा।






**जमकर अवैध तरीकों से कमाई कर रही कमेटी...**बता दें कि स्कूल की कमेटी में शामिल सुनील मडिया, उसके बेटे गौरव मडिया और अन्य साथियों द्वारा स्कूल के मीटर से अवैध तरीके के साथ बिजली सप्लाई करके जमकर कमाई की जा रही है। हालांकि यह कार्य आज से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से चला आ रहा है।


**स्कूल का हवाला देकर लगाया था कनेक्शन...**जानकारी के अनुसार पावरकॉम द्वारा कुछ दिन पहले स्कूल में रेड की गई थी। इस दौरान दोनों ब्रांच से अवैध सप्लाई देने पर मामला दर्ज करवाए गए। जिसके बाद कमेटी अदालत पहुंची। जहां पर न्यू हाई स्कूल का हवाला दिया गया। कोर्ट ने पावरकॉम को कनेक्शन दोबारा लगाने के ऑर्डर किए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि सुनील मडिया द्वारा जिस न्यू हाई स्कूल का हवाला दिया गया था, वहां पर तो बच्चे ही नामात्र पढ़ते हैं। मडिया ने अपनी कमाई के चक्कर में स्कूल की जमीनें बेच डाली। अब उन्हीं बच्चों का हवाला देकर बचने का प्रयास कर रहा है।

## हाई प्रोफाइल जनपथ एस्टेट प्रॉपर्टी विवाद मे शह और मात का खेल

# अग्रवाल ने किया कोर्ट द्वारा केस खारिज करने का दावा तो महेश बोले अन्य क्रिमिनल केस में आरोपियों को 6 दिन की मोहलत

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। लुधियाना की नामी जनपथ एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जमीन विवाद मामले में नया मोड़ आया है। दरअसल, कंपनी के एक डायरेक्टर महेश गोयल की और से अपने भाई व डायरेक्टर पवन कुमार गोयल व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। वहीं इसी जमीनीं विवाद से संबंधी महेश गोयल ने पवन गोयल और प्रदीप अग्रवाल व अन्य लोगों के खिलाफ दीवानी केस भी अदालत में दायर किया था। जिसमें पवन कुमार व अन्य लोगों को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, इस मामले को कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया है। इस संबंधी माननीय अदालत द्वारा शुक्रवार को ऑर्डर जारी किए हैं। जबकि अदालत द्वारा महेश गोयल को उक्त मामले को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दायर करने की नसीहत दी है। जानकारी के अनुसार महेश गोयल और उनका भाई पवन गोयल जनपथ एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। महेश गोयल की और से पवन गोयल और अन्य लोगों के खिलाफ सिविल सूट फाइल किया गया था। जिसमें अदालत ने फैसला सुनाया है।




## कोर्ट के आदेशों पर दर्ज हुई एफआईआर

जानकारी के अनुसार महेश गोयल की और से पवन गोयल व अन्य लोगों पर कंपनी की संपत्ति में हेरफेर करने के आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त याचिका पर कोर्ट ने कार्रवाई के ऑर्डर किए थे। जिसके बाद दो दिन पहले लुधियाना पुलिस की और से राकेश गोयल व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## गुमराह करने का किया जा रहा प्रयास

वहीं महेश गोयल ने कहा कि पवन गोयल व अन्य लोगों द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सिविल केस में अदालत द्वारा ऑर्डर किया गया है, जबकि एफआईआर क्रिमिनल केस है। जिसमें आरोपियों के पास 20 मार्च तक की जमानत है।

**एनसीएलटी में जाने की नसीहत...**वहीं महेश गोयल की और से पवन गोयल, कुछ डायरेक्टर्स और खरीददारों के खिलाफ सिविल केस दायर किया था। जिसमें कंपनी की जमीन से संबंधित पावर ऑफ अटॉर्नी, बोर्ड रेजोल्यूशन और कई बिक्री विलेखों को अवैध घोषित करने तथा संपत्ति के हस्तांतरण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन केशव अग्निहोत्री की कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। वहीं अदालत ने स्पष्ट किया कि कंपनी के निदेशकों के अधिकार, बोर्ड के फैसलों और कंपनी की संपत्ति से जुड़े विवादों की सुनवाई सिविल कोर्ट में नहीं बल्कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में ही हो सकती है। जिसके चलते वहां पर याचिका दायर की जाए।

यूटर्न टाइम

# मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचकूला में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का किया शुभारंभ



हरियाणा /यूटर्न/ 13मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया। 37 वर्षों में पहली बार इस उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है। इसके साथ ही, रखरखाव के लिए साल भर से बंद एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया। 37 वर्षों में पहली बार इस उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है। इसके साथ ही, रखरखाव के लिए साल भर से बंद एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है।इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम में पंहुचने पर परंपरागत पगड़ी बांध कर व ढोल नगाड़ो और वाद्ययंत्रों से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने वसंत उत्सव में फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कट फ्लावर, ड्राई फ्लावर और फ्रेस फ्लावर सैक्शन में फूलों की विभिन्न किस्मों में गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को मुख्यतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वसंत उत्सव हमारी संस्कृति, प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है। यह उत्सव पूरे प्रदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# सरकारकी प्रदेश की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देना है, प्राथमिकता, संसाधनों के बेहतर उपयोग पर है जोर- मुख्यमंत्री



हरियाणा /यूटर्न/ 13मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर व प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को तेजी से लागू करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सिविल सचिवालय में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी व बिजली निगम में बिजली की तारों व पोलों से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले बिजली के पोलों की उचित दूरी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली निगम पक्की सड़कों से कम से कम तीन फीट की दूरी पर ही पोल लगाए, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहनों को पर्याप्त जगह मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे लगे खराब, जर्जर या अनुपयोगी बिजली के पोलों को तुरंत हटाया जाए। इसके साथ ही ऐसे पोलों का पूरा स्टॉक रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि संसाधनों का सही प्रबंधन हो सके। उन्होंने कहा कि जो पोल किसी कारणवश स्थानांतरित किए गए हैं, उन्हें बेकार न छोड़ते हुए दोबारा उपयोग में लाया जाए।

## महिलाओं ने 'जागो' निकाल कर 'मुख्यमंत्री मावा-धीया सत्कार योजना' का किया स्वागत






लुधियाना, यूटर्न, 13 मार्च। पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मावा-धीया सत्कार योजना' के समर्थन में आज लुधियाना की महिलाओं ने उत्साह के साथ 'जागो' निकालकर अपनी खुशी जाहिर की। बड़ी संख्या में महिलाएं आरती चौक से इकट्ठा हुई और ढोल-नगाड़ों के साथ जागो लेकर घुमार मंडी बाजार तक रैली निकाली।

इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में नाचते-गाते हुए सरकार के फैसले का स्वागत किया और योजना के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी लुधियाना शहरी के प्रधान और चेयरमैन जतिंदर खंगूड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री मावा-धीया सत्कार योजना' से राज्य की लाखों महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## समाधान शिविर के दौरान फरियादी से बोले डीसी - खेत में आदमी खड़े कर दो और बिजली विभाग वाले आए तो लठ मारो




हरियाणा /यूटर्न/ 13मार्च। खेत में आदमी खड़े कर दो और आए तो लठ मारो, इनका क्या इंटरेस्ट है हटवाने में, फिर पुलिस ढूंढते फिरोगे। इनको पुलिस नहीं देना, ये बिजली वाले हैं — यह बात महेंद्रगढ़ के उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने समाधान शिविर के दौरान एक फरियादी की शिकायत पर बिजली विभाग को फटकार लगाते हुए कही। साथ ही पास में बैठी पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ से कहा कि इनको पुलिस मत देना ये बिजली वाले हैं दरअसल महेंद्रगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त आमजन की शिकायतें सुन रहे थे। इसी दौरान गांव डुलाना निवासी राजेश कुमार पुत्र विजय सिंह अपनी समस्या लेकर पहुंचे। राजेश कुमार ने बताया कि उनके खेत से करीब तीन सौ पचास फुट अंदर बिजली विभाग ने किसी अन्य किसान के लिए ट्रांसफार्मर लगा रखा है। जब भी ट्रांसफार्मर खराब या जल जाता है तो विभाग के कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य साधनों के साथ उनके खेत में पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी फसल को नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि यह समस्या पिछले करीब चालीस वर्षों से बनी हुई है, लेकिन न तो उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया और न ही ट्रांसफार्मर को खेत से बाहर लगाया गया। उन्होंने कहा कि वह कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। समाधान शिविर के दौरान बिजली विभाग के एसडीओ को फटकार लगाते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि इस मामले का जल्द समाधान किया जाए और किसान को अनावश्यक परेशानी न हो।

## ढाबे पर गैस संकट, 22 साल पुरानी भट्टी बनी सहारा



हरियाणा/यूटर्न/ 13मार्च ।ढाबे पर गैस की किल्लत ने ढाबों वालों को याद दिलाए डीजल वाली भट्टी की, अब ढाबे पर आई डीजल वाली भट्टी , इस भट्टी को चलाने के लिए डीजल और बिजली दोनों की जरूरत पड़ेगी। ये है करनाल का ढाबा, गैस की किल्लत हर ढाबे पर देखने को मिल रही है क्योंकि गैस की कमी है, अब लोग ढाबा बंद करने की बजाए विकल्प ढूंढ रहे हैं तो करनाल में ढाबे वाले ने अपने पापा के समय की भट्टी निकाल ली है ये भट्टी डीजल और बिजली से चलती है, भट्टी को चलाने के लिए दोनों चीजें जरूरी हैं, ये भट्टी बहुत पुरानी है करीब 22 साल से इनके घर पर है, जब तक पापा ढाबे को चलाते थे तब तक ये भट्टी भी इस्तेमाल भी होती थी पर अब ये भट्टी चलनी बंद हो गई थी इसलिए रखी हुई थी, मुश्किल समय में याद आई और भट्टी को बाहर निकाला अब इस पर सब्जी, ग्रेवी बनाई जा रही है , टेस्ट में भी कोई फर्क नहीं आता और भट्टी पर भी सब्जी बन जाती है। उन्होंने कहा कि ढाबा तो बंद कर नहीं सकते क्योंकि कई लोगों का घर देखना है इसलिए ढाबे पर सिलेंडर और भट्टी के साथ काम चलाया जा रहा है। इस भट्टी ने मुश्किल में सहारा दिया है, उम्मीद करते हैं इनसे काम चलता रहेगा।




पेज 08 ओवरहेड बिजली तारों से जल्द मिलेगा छुटकारा...


# चंडीगढ़ में अर्बन इनोवेशन समिट, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बोले शहरों का विकास नागरिकों की जरूरतों पर आधारित हो






चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित अर्बन इनोवेशन समिट में भविष्य के शहरों के निर्माण के लिए नागरिक-केंद्रित विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहरी विकास का उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, सुविधा और समग्र कल्याण को बेहतर बनाना होना चाहिए। समिट को संबोधित करते हुए कटारिया ने कहा कि सही योजना और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ शहरों को जीवंत, समावेशी और रहने योग्य बनाया जा सकता है, जहां लोगों को आवश्यक सेवाएं, सामुदायिक सुविधाएं और बेहतर वातावरण आसानी से उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि संतुलित और टिकाऊ नीतियां ही भविष्य के लिए तैयार शहरों के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शहरों के विकास में नवाचार और सहयोग बेहद जरूरी है। यह समिट नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और शहरी योजनाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां स्मार्ट, टिकाऊ और समावेशी शहरी विकास के लिए विचारों और समाधानों का आदान-प्रदान किया जाता है। समिट का आयोजन नगर निगम चंडीगढ़ और ईलेट्स टेक्नोमीडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें देशभर से 150 से अधिक प्रतिनिधियों और 30 से ज्यादा वक्ताओं ने भाग लिया।

# पंजाब सरकार के बजट की प्रतियां जलाकर किया रोष प्रदर्शन



जीरकपुर, यूटर्न, 13 मार्च। जीरकपुर में शुक्रवार को किसान, मजदूर, कर्मचारियों और पेंशनरों ने संयुक्त रूप से पंजाब सरकार के बजट के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बजट की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इसे किसान-मजदूर विरोधी करार दिया। प्रदर्शन के दौरान प्रेस से बातचीत करते हुए एकम सिद्धू, अमनिंदर सिंह और राजिंदर कुमार ने कहा कि पंजाब सरकार का यह बजट किसान, मजदूर, कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए घातक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में इन वर्गों के लिए कोई ठोस राहत या लाभ की घोषणा नहीं की गई है, जिसके चलते लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर निजीकरण की नीति को तेज किया जा रहा है और यह बजट पूंजीपतियों के हित में तैयार किया गया है, जिसका आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करते हुए किसान, मजदूर, कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डेराबस्सी के विधायक ने पहले उनके मांगपत्र को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे कच्चे कर्मचारियों में भारी रोष है।

# पंचकूला में बाको नाईट क्लब मैनेजर से पुलिस के कथित दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल, जांच के आदेश







अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 13 मार्च। पंचकूला के सेक्टर-10 चौकी की पुलिस टीम द्वारा सेक्टर-9 स्थित बाको नाईट क्लब के मैनेजर के साथ कथित दुर्व्यवहार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है और पुलिस के व्यवहार पर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर एसीपी विक्रम नेहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच के दौरान किसी पुलिसकर्मी की ओर से अनुचित व्यवहार सामने आता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने कहा कि इस प्रकार के व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिसकर्मियों से अपेक्षा की जाती है कि वे ड्यूटी के दौरान मर्यादित और जिम्मेदार आचरण रखें। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सेक्टर-30बी में दिनदहाड़े चैन स्नैचिंग, बाइक सवार बदमाश बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली छीनकर फरार



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। शहर में स्नैचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार दोपहर सेक्टर-30बी स्थित खालसा स्कूल के सामने पैदल जा रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की बाली स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दे दिया। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना करीब दोपहर 3:15 बजे की है। पीड़ित महिला गुरदेव कौर अपने पड़ोस की दुकान पर सामान लेने जा रही थीं। इसी दौरान अचानक बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके कान से सोने की बाली छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही पीसीआर टीम और इंडस्ट्रियल एरिया एमडब्ल्यू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पीड़ित गुरदेव कौर ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# चंडीगढ़ में दिनदहाड़े डॉक्टर की कार का शीशा तोड़कर 1.5 लाख रुपये लेकर फरार हुए चोर

> सेक्टर-44 स्थित चैतन्य अस्पताल के पीछे हुई घटना, 10-15 दिनों की क्लीनिक कमाई से भरा बैग ले गए बदमाश

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। सिटी ब्यूटीफुल में चोरी और स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला सेक्टर-44 स्थित चैतन्य अस्पताल के पीछे से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक डॉक्टर की कार का शीशा तोड़कर नकदी से भरा बैग चुरा लिया। बताया जा रहा है कि बैग में करीब 1.50 लाख रुपये नकद थे। जानकारी के मुताबिक मोहाली निवासी डॉ. मोहित शर्मा, जो सेक्टर-43 में अपना क्लीनिक चलाते हैं और चैतन्य अस्पताल में विजिटिंग डॉक्टर भी हैं, शुक्रवार दोपहर करीब 2:15 बजे मरीजों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी टोयोटा इटियोस कार अस्पताल के पीछे पार्क की थी।

करीब 3:10 बजे जब डॉ. मोहित शर्मा मरीजों को देखने के बाद वापस अपनी कार के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ड्राइवर साइड का शीशा टूटा हुआ था और कार में रखा उनका बैग गायब था। यह देखकर उनके होश उड़ गए। डॉ. शर्मा के अनुसार बैग में करीब 1.50 लाख रुपये नकद थे, जो उनके क्लीनिक की 10 से 15 दिनों की कमाई थी। बदमाश कार का शीशा तोड़कर बैग लेकर फरार हो गए।

घटना के तुरंत बाद डॉक्टर ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-34 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस सेक्टर 34 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# वादा किया, वादा निभाया - गढ़शंकर -मेहटिआना सड़क होगी अब 'बाबा बंदा सिंह बहादर जी मार्ग': डॉ. ईशांक कुमार

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न, 13 मार्च। लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय में पंजाब मंडी बोर्ड से गढ़शंकरझ्रमेहटिआना लिंक रोड का नाम बदलकर ह्लबाबा बंदा सिंह बहादर जी मार्गह्व रखने की मंजूरी प्राप्त हो गई है। यह जानकारी चब्बेवाल के विधायक डॉ. ईशांक कुमार ने दी। यह नाम महान सिख योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादर जी के सम्मान में रखा जा रहा है।

डॉ. ईशांक ने आगे कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क का नाम महान सिख योद्धा के नाम पर रखने का वादा उन्होंने विधानसभा उपचुनाव के दौरान जनता से जनादेश मांगते समय किया था। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और समर्थन से उपचुनाव जीतने के बाद वे इस वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहे और इस संबंध में सरकार तथा मंडी बोर्ड के साथ लगातार प्रयास करते रहे।



डॉ. ईशांक कुमार ने कहा कि अब मंजूरी मिलने के साथ ही स्थानीय निवासियों और सिख समुदाय की यह लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है, जिससे उन सभी लोगों को संतोष मिलेगा जो सिख इतिहास में बाबा बंदा सिंह बहादर जी के महान बलिदान और योगदान को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादर जी का साहस, बलिदान और मानवता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इस महान शहीद के नाम पर सड़क का नामकरण उनकी विरासत को सच्ची श्रद्धांजलि है और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। डॉ. ईशांक कुमार ने इस प्रस्ताव को समर्थन देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब मंडी बोर्ड का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि लोगों की भावनाओं, आस्था और इतिहास का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है।

# विधायक बग्गा ने मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत वार्ड 66 से तीर्थ स्थलों के दर्शनों के लिए बस रवाना की



लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। लुधियाना। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने शुक्रवार को वार्ड-66 से बस को झंडी दिखाकर दिखाई। हैबोवाल स्थित भूरी वाला गुरुद्वारा के समीप विधायक बग्गा के कार्यलय से अरदास के साथ बस अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर, दुर्गयाना मंदिर, भगवान वाल्मीकि तीर्थ सहित धार्मिक स्थलों की दो दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुई। विधायक बग्गा ने आप सरकार के शासनकाल में शुरू हुई तीर्थ योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा योजना के तहत तीर्थो के दर्शन करने वाले यात्रियो के आने-जान, रहने-खाने की व्यवस्था राज्य सरकार की तरफ की गई है। अपने विधायक कार्यकाल में सैकड़ो लोग को निशुल्क यात्रा के मिले लाभ का जिक्र करते हुए उन्होने कहा बहुत सारे लोग आर्थिक तौर कमजोर होने के चलते धर्म स्थलो के दर्शनो की इच्छा होने के बावजूद दर्शन कर पाते थे। इस अवसर पर आप के विधानसभा उतरी के तीर्थ यात्रा को-आडीर्नेटर सुरिन्द्र मुरारी, वार्ड संगठन इंचार्ज दशमेश सिंह, महिला विंग अध्यक्ष मनीषा कपूर, भानू प्रताप, सिमरनजीत कौर, आशू मेहन, बलबीर चंद, गौरव खेड़ा, दिनेश कुमार व सोमनाथ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

# एलपीजी की कमी छीन लेगी थाली की रोटी

आज के समय में रसोई गैस यानी एलपीजी (LPG) हर घर की सबसे जरूरी जरूरत बन चुकी है। लगभग हर परिवार खाना बनाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर है। लेकिन जिस तरह एलपीजी की कमी हो रही है इसका सीधा असर आम लोगों की थाली पर पड़ सकता है।

एलपीजी की कमी होने पर लोगों के लिए रोज का खाना बनाना मुश्किल हो जाएगा।

खासकर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है। अगर गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं होगा, तो लोग अन्य विकल्प ढूँढ रहे हैं जैसे कि इंडक्शन चूल्हा सबसे मजबूत विकल्प है। पर बाजार में अचानक से इंडक्शन की कमी सारी सच्चाई बयां कर रही है। अब मजबूर होकर लोग लकड़ी या अन्य पारंपरिक साधनों का उपयोग करने लगेंगे, जिससे समय भी अधिक लगेगा और पर्यावरण को भी नुकसान होगा।

इसके अलावा एलपीजी की कमी से होटलों, ढाबों और छोटे खाने-पीने के व्यवसायों पर भी असर पड़ेगा। जब खाना बनाना महंगा और कठिन हो जाएगा, तो खाने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इसका परिणाम यह होगा कि आम आदमी की थाली से रोटी, सब्जी और अन्य जरूरी चीजें धीरे-धीरे कम होने लगेंगी। इसलिए सरकार और संबंधित एजेंसियों को चाहिए कि ऐसी मुश्किल घड़ी में किसी न किसी तरह एलपीजी की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखें और इसकी कीमतों को नियंत्रित रखें। साथ ही लोगों को वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में केवल LPG की कमी ही देश की अर्थ व्यवस्था न कहीं हिला डाले और साथ ही ऐसी अन्य संभावित समस्याओं से भी बचा जा सके।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Will में Minor Beneficiary हो तो क्या होता है?**

कई लोग अपनी वसीयत (Will) में बच्चों या नाबालिग रिश्तेदारों को लाभार्थी (Beneficiary) बनाते हैं। लेकिन यदि Beneficiary Minor हो, तो एक व्यावहारिक प्रश्न सामने आता है—संपत्ति का प्रबंधन कौन करेगा?

ऐसी स्थिति में Will में अक्सर एक Trustee या Executor नियुक्त किया जाता है। यह व्यक्ति Minor की ओर से संपत्ति का प्रबंधन करता है, जब तक कि Beneficiary वयस्क (major) न हो जाए।

Executor या Trustee का काम होता है—

- संपत्ति की सुरक्षा करना
- उससे होने वाली आय का उपयोग Minor के हित में करना
- संपत्ति को सुरक्षित रखना जब तक Minor वयस्क न हो जाए

यदि Will में ऐसी व्यवस्था न हो, तो अदालत आवश्यकतानुसार Guardian या Administrator नियुक्त कर सकती है।

यह व्यवस्था इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि Minor को संपत्ति का अधिकार तो मिल सकता है, लेकिन वह कानूनी रूप से उसका प्रबंधन नहीं कर सकता।

निष्कर्ष : Will में Minor Beneficiary होना संभव है, लेकिन संपत्ति प्रबंधन के लिए Executor या Trustee की व्यवस्था आवश्यक होती है। यह व्यवस्था Minor के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

# बस्सियां (रायकोट) में धार्मिक साहित्य का मुफ्त लंगर और दस्तार प्रशिक्षण शिविर 14 मार्च को लगाया जाएगा

दलजीत अजनोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 13 मार्च। जिला लुधियाना से संबंधित भाई नूरा माही सेवा सोसाइटी (रजि.), रायकोट द्वारा सोसाइटी के सरप्रस्त डॉ. करविंदर सिंह इंग्लैंड (रायकोट वाले) की प्रेरणा और नेतृत्व में गांव बस्सियां में धार्मिक साहित्य का मुफ्त लंगर और दस्तार प्रशिक्षण शिविर 14 मार्च को लगाया जा रहा है। सोसाइटी के प्रेस सचिव निर्मल दोस्त द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह गुरमति समागम बस्सियां गांव के गुरुद्वारा शतरंज सर साहिब, पातशाही 10 वीं में लगाया जाएगा।



# नशा मुक्त पंजाब के संदेश के साथ 22 मार्च को माहिलपुर में होगी शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह राष्ट्रीय मैराथन





होशियारपुर, यूटर्न, 13 मार्च। पंजाब में नशा विरोधी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 मार्च को माहिलपुर (गढ़शंकर) में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। इस मौके पर उन्होंने मैराथन का पोस्टर और टी-शर्ट भी जारी की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे से बचाकर राज्य को फिर से खुशहाल और खेलों में अग्रणी बनाना इस पहल का मुख्य लक्ष्य है। मैराथन में 5, 10, 21 और 42 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां रखी गई हैं, जिनमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और दिव्यांग प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। डिफेंस पर्सन, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों, अंडर-18 बच्चों और दिव्यांगों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। रौड़ी ने बताया कि इस राष्ट्रीय मैराथन में देश-विदेश की कई प्रमुख हस्तियां भी शामिल होंगी और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में विधायक ब्रम शंकर जिंपा, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन और एसएसपी संदीप कुमार मलिक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कोल माफिया के कारण बढ़े कोयले के दाम, संकट में ईंट भट्ठा उद्योगः रमेश मोही

लुधियाना, यूटर्न, 13 मार्च। पंजाब भट्ठा मालिक एसोसिएशन की बैठक फिरोजपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित हुई, जिसमें कोयले की लगातार बढ़ती कीमतों और कथित कोल माफिया की मनमानी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मोही ने कहा कि कोयले के दामों में भारी वृद्धि के कारण ईंट भट्ठा उद्योग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 31 मार्च तक सरकार ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो एक अप्रैल से भट्ठा मालिक अपने भट्ठे बंद कर जिला स्तर पर प्रशासन को उनकी चाबियां सौंपने को मजबूर होंगे। बैठक में बताया गया कि पहले 10 हजार रुपये प्रति टन मिलने वाला कोयला अब 16 से 17 हजार रुपये प्रति टन तक पहुंच गया है। गुजरात के कांडला पोर्ट से पंजाब तक जीएसटी और ढुलाई जोड़ने पर इसकी कीमत 22 से 23 हजार रुपये प्रति टन तक पहुंच जाती है। वहीं



कोयले की गुणवत्ता में गिरावट और मिलावट के कारण तापमान कम मिलने से ईंट निर्माण की लागत भी बढ़ रही है। एसोसिएशन के महासचिव लखबीर सिंह संधू ने कहा कि कोयले पर जीएसटी को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करना उद्योग के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि पंजाब में पहले करीब 2700 भट्ठे थे, जो घटकर 1800 रह गए हैं और अब 25 प्रतिशत और भट्ठे बंद होने के कगार पर हैं। बैठक में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने भी सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की।

## पंचकूला में बाप-बेटे के इमिग्रेशन रैकेट का पदार्फाश: इंग्लैंड से अमेरिका भेजने का झांसा देकर 28 लाख हड़पने के मामले में पिता गिरफ्तार

### अमेरिका में बैठा बेटा चला रहा था रैकेट, पीड़ित युवक को डंकी रूट से कई देशों में भटकाया, आरोपी पिता 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

कुलदीप सैनी

पंचकूला, यूटर्न, 13 मार्च। विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने यूके से अमेरिका भेजने का झांसा देकर करीब 28 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में 71 वर्षीय आरोपी श्याम लाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान श्याम लाल वासी रायपुररानी, जिला पंचकूला के रूप में हुई है। इस संबंध में चंडीमंदिर थाना में 31 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 61, 316(2), 318(4) तथा इमिग्रेशन एक्ट



1983 की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के अनुसार पंजाब वासी शख्स ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में वह इंग्लैंड गया था, लेकिन वहां स्थायी रूप से रहने और रोजगार की समस्या के कारण वह अमेरिका जाना चाहता था। इसी दौरान उसके परिचितों के माध्यम से उसकी मुलाकात आरोपी वीर सिंह उर्फ मिट्ठू उर्फ जॉन और उसके पिता श्याम लाल से करवाई गई, जिन्होंने खुद को एजेंट बताते हुए उसे इंग्लैंड से अमेरिका भेजने का भरोसा दिया। आरोपियों ने यह काम कराने के लिए लगभग 30 लाख रुपये की मांग की, जिसके बाद आपसी बातचीत में सौदा 25 लाख रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता के पिता लखविंदर सिंह ने जमीन बेचने और रिश्तेदारों से उधार लेकर आरोपियों को कुल 25 लाख रुपये दिए।

इनमें से 15 लाख रुपये नकद पंचकूला सेक्टर-25 में दिए गए, जबकि 10 लाख रुपये अलग-अलग खातों से आरोपी श्याम लाल के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को विदेश भेजने की प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा दिलाया, लेकिन रास्ते में डंकी रूट के जरिए उसे कई देशों में भटकना पड़ा और आरोपियों ने इस दौरान 3 लाख रुपये भी दिलवाए।

## परलोक संवारने के लिए जरूरी है भक्ति रूपी धन - महंत प्रवीण चौधरी

लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी के सानिध्य में व्यापार वृद्धि यज्ञ आयोजित हुआ। सर्वप्रथम पूजन के साथ समूह सदस्यो ने महंत प्रवीण चौधरी जी की तरफ से उच्चारित मंत्रो के साथ आहुतियां डाली। महंत प्रवीण चौधरी जी ने यज्ञ के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा सच्चे मन से जगत जननी के चरणों में की गई हर प्रार्थना पूर्ण होती है।



फिर भले वो प्रार्थना व्यापार वृद्धि के लिए हो या फिर घर परिवार में सुख समृद्धियो के लिए हो। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह,सुधीर महाजन, गौरव कालिया, जतिन सूद, परमवीर चौधरी, संदीप सूद, सुनील हांडा, नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिंन्द्र महाजन, तरुण चौधरी, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## लुधियाना में बिना नंबर की बाइक सवार दो तस्कर पकड़े: जालंधर के रहने वाले हैं आरोपी, क्षेत्र में नशे की सप्लाई के लिए आए थे



पंजाब/यूटर्न/ 13 मार्च। लुधियाना के सिधवां बेट पुलिस ने जालंधर क्षेत्र के दो नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी सिधवां बेट के गांवों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करते थे। आरोपियों के कब्जे से हेरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जालंधर के रायपुर गुग्गरा निवासी सुखदेव सिंह उर्फ सुख और गांव छोहले निवासी नवजीत सिंह उर्फ लभु के रूप में हुई है। थाना सिधवां बेट के एएसआई गुरसेवक सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी सिधवां बेट के सरकारी अस्पताल के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि उक्त आरोपी जालंधर क्षेत्र से आकर सिधवां बेट के गांवों में नशे की होम डिलीवरी करते हैं। पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए बिना नंबर प्लेट वाली बाइक का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उन्हें ट्रेस न किया जा सके। सूचना के अनुसार, दोनों आरोपी नहर की पटरी के रास्ते राऊवाल जंडी की तरफ से सिधवां बेट नहर पुल की ओर आ रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जंडी वाली साइड से नहर की पटरी पर नाका लगाकर बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर आ रहे दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से हेरोइन बरामद की। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है, ताकि आरोपियों के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके और इसमें शामिल अन्य लोगों को भी पकड़ा जा सके।

## हनी ट्रैप गिरोह का पदार्फाश, दो सगी बहनों समेत 11 गिरफ्तार



बठिंडा, यूटर्न, 13 मार्च। शहर में भोले-भाले लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर लूटपाट करने वाले गिरोह का बठिंडा पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो सगी बहनों समेत आठ महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है। डीएसपी सिटी-वन संदीप भाटी ने बताया कि यह गिरोह काफी समय से शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और सड़कों के किनारे सक्रिय था। गिरोह की महिलाएं राह चलते लोगों को बातचीत में उलझाकर उन्हें देह व्यापार के नाम पर सुनसान स्थानों पर ले जाती थीं। जैसे ही पीड़ित उनके साथ एकांत जगह पर पहुंचता, वहां पहले से मौजूद गिरोह के अन्य सदस्य पहुंचकर उसे धमकाते और उसके पास मौजूद नकदी, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान लूट लेते थे। जांच में सामने आया है कि गिरोह खासतौर पर रात के समय शहर में आने वाले यात्रियों, अस्पतालों में मरीजों के साथ आए परिजनों और मजबूरी में रुकने वाले लोगों को निशाना बनाता था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एक पति-पत्नी और दो सगी बहनें भी शामिल हैं। एक आरोपित के खिलाफ पहले भी चेन स्नैचिंग का मामला दर्ज है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# ओवरहेड बिजली तारों से जल्द मिलेगा छुटकारा, इंदिरा कॉलोनी के सभी विद्युत पोल होंगे ठीक: साहिल चावर



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। शहर में ओवरहेड बिजली तारों के कारण बढ़ते हादसों और तकनीकी खराबियों को देखते हुए चंडीगढ़ यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता साहिल चावर ने बिजली विभाग के एसडीओ अमित ढींगरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शहर के जिन इलाकों में ओवरहेड बिजली की तारें हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड वायरिंग में बदला जाए। इससे तकनीकी खराबियों में कमी आएगी और आम लोगों को संभावित हादसों से भी राहत मिलेगी। इस मौके पर साहिल चावर ने कहा कि ओवरहेड तारों की वजह से अक्सर शॉर्ट सर्किट, बिजली कटौती और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। अगर बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाए तो शहर की सुरक्षा और बिजली व्यवस्था दोनों बेहतर हो सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इंदिरा कॉलोनी में खराब पड़े सभी बिजली पोल को जल्द ठीक कराने की मांग भी विभाग के सामने रखी गई है, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर बिजली सुविधा मिल सके। इस दौरान नए बिजली बिल से संबंधित जिन समस्याओं का सामना लोग कर रहे थे, उन्हें भी मौके पर अधिकारियों के सहयोग से हल करवाया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# 'घर-घर संविधान' मुहिम के तहत चंडीगढ़ में लखन चौधरी को संविधान का चित्र भेंट कर किया सम्मानित



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। 'घर-घर संविधान' मुहिम के तहत आज चंडीगढ़ में भारत सरकार के संचार मंत्रालय से जुड़े लखन चौधरी को संविधान का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा नेता करण प्रताप सिंह, समदर्शी वेद और शक्ति कल्याण ने उन्हें संविधान का चित्र देकर सम्मानित किया और संविधान के मूल्यों को समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 'घर-घर संविधान' मुहिम का उद्देश्य देश के हर नागरिक को संविधान के प्रति जागरूक करना और उसके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी इस मुहिम की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मुख्यमंत्री ने बिजली के पोलों की सड़क से उचित दूरी सुनिश्चित करने और खराब पोल हटाने के दिए निर्देश



हरियाणा /यूटर्न/ 13मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर व प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को तेजी से लागू करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिविल सचिवालय में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पीडब्यूडी व बिजली निगम में बिजली की तारों व पोलों से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले बिजली के पोलों की उचित दूरी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली निगम पक्की सड़कों से कम से कम तीन फीट की दूरी पर ही पोल लगाए, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहनों को पर्याप्त जगह मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे लगे खराब, जर्जर या अनुपयोगी बिजली के पोलों को तुरंत हटाया जाए।

इसके साथ ही ऐसे पोलों का पूरा स्टॉक रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि संसाधनों का सही प्रबंधन हो सके। उन्होंने कहा कि जो पोल किसी कारणवश स्थानांतरित किए गए हैं, उन्हें बेकार न छोड़ते हुए दोबारा उपयोग में लाया जाए। इससे एक ओर जहां सरकारी संसाधनों की बचत होगी, वहीं कार्यों में भी तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनता की भलाई के लिए अनेक योजनाएं और परियोजनाएं शुरू की जाती हैं, लेकिन उनका वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। इसलिए सभी विभागों को मिलकर काम करना चाहिए, ताकि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से जमीन पर उतारा जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की नीतियों और योजनाओं का अंतिम उद्देश्य आमजन के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाना है।

इसलिए प्रत्येक विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही के साथ हो, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें और राज्य के समग्र विकास को नई गति मिले।

बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण गुप्ता, लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मेट्रो अस्पताल की खास पहल: प्रेस रिपोर्टरों के लिए सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

हरियाणा /यूटर्न/ 13मार्च। रेवाड़ी शहर के मेट्रो अस्पताल ने मीडिया जगत से जुड़े पत्रकारों के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक अनोखी एवं महत्वपूर्ण पहल की है।



अस्पताल प्रबंधन की ओर से 'प्रेस रिपोर्टर हेल्थ कार्ड' योजना की शुरूआत की गई है। अस्पताल के यूनिट हेड डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान इस हेल्थ कार्ड का औपचारिक अनावरण किया और इसके लाभों की जानकारी दी। डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस विशेष हेल्थ कार्ड के माध्यम से पत्रकारों तथा उनके परिवार के सदस्यों को अस्पताल में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य उन पत्रकारों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जो दिन-रात समाज को जागरूक करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं। अपने कार्य के दबाव और व्यस्त दिनचर्या के कारण वे अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। मेट्रो अस्पताल उनकी इस निस्वार्थ सेवा का सम्मान करता है और इस हेल्थ कार्ड के माध्यम से पत्रकारों व उनके परिवारों को सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह हेल्थ कार्ड मेट्रो अस्पताल के पंजीकरण काउंटर से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। मेट्रो अस्पताल अपनी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ रेवाड़ी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। बाइट :: डॉक्टर नरेश कुमार शर्मा :: यूनिट हैड :: मैट्रो हॉस्पिटल रेवाड़ी।

# पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश, 5 दिन से था लापता, परिजनों ने जताया हत्या का शक

पंजाब/यूटर्न/13 मार्च। पठानकोट के साथ लगते कस्बा नंगल के गांव अनेड़ में 25 साल के युवक की गली-सड़ी लाश पेड़ से लटकी मिली।



मृतक की पहचान गांव अनेड़ निवासी 25 वर्षीय अंग्रेज सिंह के रूप में हुई है। अंग्रेज मुकेरियां में वेल्डिंग का काम करता था और 5 दिन से लापता था और परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। परिवार ने अंग्रेज की हत्या कर लाश को पेड़ पर लटकाने की आशंका जताई है। वहीं, देरी से कार्रवाई करने के कारण परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं। परिवार का आरोप है कि शिकायत देने के बाद भी थाना नंगल भूर की पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया और परिवार को गुमराह कर मुकेरियां थाना भेज दिया। जहां के परिवार को वापस भेज दिया गया। हालांकि, रद्ध पठानकोट के हस्तक्षेप के चलते थाना नंगल भूर की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने मृतक के परिवार को परेशान करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही है।

## 5 दिन से लापता था अंग्रेज

परिवार के अनुसार, अंग्रेज सिंह 8 मार्च की सुबह करीब 8 बजे अपने काम के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आया। जब परिवार ने उसकी तलाश शुरू की तो वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद परिवार वालों ने गांव नंगल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कहा कि रिपोर्ट मुकेरियां थाने में दर्ज होगी। जब परिवार के लोग मुकेरियां थाने पहुंचे तो वहां भी पुलिस की ओर से मामला दर्ज करने में आनाकानी की गई। जिसकी लाश बाद में अनेड़ के जंगल में पेड़ से लटकी मिली। परिवार का कहना है कि अंग्रेज सिंह की किसी के साथ कोई दुश्मनी या झगड़ा नहीं था। लेकिन,उसकी हत्या की गई है।

# लुधियाना में क्लाउड पार्टिकल स्कीम से 60 लाख की ठगी: CEO और पत्नी समेत 5 पर FIR, ED पहले से कर रही 3558 करोड़ की जांच



पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च। लुधियाना में चर्चित क्लाउड पार्टिकल निवेश स्कीम से जुड़े मामले में एक और धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है।

सराभा नगर थाना पुलिस ने व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड के उएड सुखविंदर सिंह खरौड़ और उनकी पत्नी डिंपल खरौड़ समेत 5 लोगों के खिलाफ 60 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। यह केस पूर्व जिला अटॉर्नी (लीगल) मित्तर सेन गोयल की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उनके परिवार के दो सदस्यों को निवेश के नाम पर ठग लिया।

शिकायत के अनुसार जालंधर के डकोहा स्थित बाबा बुड्ढा जी कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार ने गोयल की बहू ऋतु गोयल से संपर्क किया। उसने एक ऐसे बिजनेस मॉडल का प्रस्ताव दिया, जिसमें 'क्लाउड पार्टिकल' नाम के डिजिटल इंफ्रॉस्ट्रक्चर यूनिट खरीदकर कंपनी को लीज पर देने की बात कही गई।

आरोप था कि निवेश करने पर हर महीने निश्चित और भारी मुनाफा मिलेगा। इस भरोसे पर ऋतु गोयल ने जुलाई 2023 से जुलाई 2024 के बीच करीब 54 लाख रुपए निवेश कर दिए। वहीं गोयल की बेटी चारू गुप्ता ने भी सितंबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच 6 लाख रुपए निवेश किए।

## शुरूआत में मिला पैसा, बाद में बंद हो गई पेमेंट

शिकायत में कहा गया है कि शुरूआत में दोनों निवेशकों को कुछ भुगतान मिला, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। लेकिन बाद में अचानक भुगतान बंद कर दिया गया। आरोपियों ने यह कहकर पैसे देना बंद कर दिया कि कंपनी और उससे जुड़ी फर्में कानूनी समस्याओं के कारण भुगतान रोक रही हैं। मामले की जांच कर रहे अरकउमेश कुमार के अनुसार पुलिस ने सुखविंदर सिंह खरौड़, डिंपल खरौड़ के अलावा आरिफ निसार, अरुण कुमार और सुरेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 111 (संगठित अपराध), 316(2) (आपराधिक विश्वासघात), 318(4) (धोखाधड़ी) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत FIR दर्ज की है। यह मामला उस समय सामने आया है जब प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) पहले से ही 3,558 करोड़ रुपए के क्लाउड पार्टिकल निवेश घोटाले की जांच कर रहा है। ED ने 1 मार्च 2025 को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सुखविंदर सिंह खरौड़ और उनकी पत्नी डिंपल खरौड़ को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि दोनों नेपाल जाने की तैयारी में थे। एऊने अब तक इस मामले में 19.10 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं, जबकि कुल अटैच या फ्रीज की गई संपत्तियों की कीमत 270.94 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और निवेश से जुड़े दस्तावेजों व अन्य सबूतों की जांच की जा रही है।



# हलवारा से फ्लाइट्स के लिए करना होगा इंतजार: लुधियाना से एयर इंडिया ने अभी तक तय नहीं किया शेड्यूल, दफ्तर भी नहीं तैयार

पंजाब /यूटर्न/ 13मार्च। लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट से फ्लाइट्स शुरू होने के लिए शहरवासियों को अभी और इंतजार करना होगा। एयर इंडिया ने अभी तक हलवारा से दिल्ली के लिए फ्लाट्स का शेड्यूल ही तय नहीं किया। ऐसे में मार्च महीने में हलवारा से फ्लाट्स शुरू होने के कोई आसार नहीं हैं। एयर इंडिया ने हलवारा एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग में अपने दफ्तर के लिए कमरा तो ले लिया लेकिन अभी तक वहां पर दफ्तर सेटअप नहीं किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अफसर लगातार इस संबंध में एयर इंडिया के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अफसरों की मानें तो रेगुलर फ्लाइट्स शुरू करने से पहले कंपनी को पहले टेस्ट फ्लाइट्स शुरू करनी होगी। कंपनी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को अभी टेस्ट फ्लाइट का शेड्यूल भी नहीं दिया है। लुधियाना एयरपोर्ट साहनेवाल से भी अअकने अपना दफ्तर अभी तक हलवारा में शिफ्ट नहीं किया। अफसरों के मुताबिक हलवारा से उड़ाने शुरू करने का शेड्यूल नहीं आता है तब तक वो साहनेवाल एयरपोर्ट को नहीं छोड़ सकते। साहनेवाल एयरपोर्ट फिलहाल कोई भी शेड्यूल फ्लाइट उड़ान नहीं भरती है इसके बाजवूद साहनेवाल एयरपोर्ट अभी भी ऑपरेशनल है। दरअसल साहनेवाल एयरपोर्ट पर कुछ प्राइवेट चार्टर उतरते रहते हैं। हलवारा एयरपोर्ट शुरू होने के बाद प्राइवेट चार्टर भी वहीं से उतरेंगे। पंजाब से राज्य सभा सदस्य रजिंदर गुप्ता ने हलवारा एयरपोर्ट से फ्लाइट्स शुरू करने का मुद्दा राज्य सभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि हलवारा से फ्लाइट्स कब तक शुरू होंगी। रजिंदर गुप्ता के सवाल के जवाब में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि जल्दी ही फ्लाइट्स शुरू कर दी जाएंगी।

# बच्चे आज भी पापा का इंतजार करते हैं: पंजाबी सिंगर राजवीर जवांदा की पत्नी की भावुक पोस्ट, लिखा- मैं उनकी यादें जिंदा रखूंगी

पंजाब /यूटर्न/ 13मार्च। मशहूर पंजाबी गायक राजवीर जवांदा के आकस्मिक निधन ने पूरी पंजाबी इंडस्ट्री और उनके लाखों प्रशंसकों को कभी न भरने वाला जख्म दिया है। इस बीच राजवीर की पत्नी हर्षविंदर कौर जवांदा ने दिवंगत गायक के सोशल मीडिया अकाउंट से एक ऐसी पोस्ट साझा की है, जिसे पढ़कर हर किसी की आंखें नम हो गई हैं। हर्षविंदर ने इस पोस्ट के जरिए न सिर्फ अपना दर्द साझा किया, बल्कि राजवीर के अधूरे सपनों और उनकी विरासत को आगे ले जाने का संकल्प भी दोहराया है। हर्षविंदर ने राजवीर की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट करते हुए लिखा कि समय बीत रहा है लेकिन उनके लिए वक्त जैसे ठहर सा गया है। उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए लिखा आज एक अरसा बीत गया है राजवीर को इस दुनिया से गए हुए पर हमें आज भी हर पल उनकी कमी खलती है। बच्चे आज भी दरवाजे की तरफ देखते हैं और अपने पापा का इंतजार करते हैं। मैं आज बहुत हिम्मत जुटाकर यह पोस्ट लिख रही हूँ। सच तो यह है कि दुनिया के लिए जिंदगी चलती जा रही है लेकिन हम वहीं कहीं पीछे खो गए हैं। मुश्किल



घड़ी में साथ देने वाले प्रशंसकों का आभार जताते हुए हर्षविंदर ने लिखा मैं उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करती हूँ जो राजवीर को प्यार करते हैं और हमारे दुख में शामिल हुए। मेरी बस यही विनती है कि आगे भी हमारा साथ इसी तरह देना। मुझे नहीं पता कि मैं राजवीर की तरह कुछ बड़ा या अलग कर पाऊंगी या नहीं लेकिन मैं उनकी दी हुई पॉजिटिविटी और उनके विचारों के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश करूंगी। उनके गीतों के जरिए मैं उन्हें हमेशा जिंदा रखूंगी।

## जोगिया गाने ने बढ़ाया दर्द कमेंट्स में उमड़ा फैंस का सैलाब

हर्षविंदर ने इस भावुक संदेश के बैकग्राउंड में राजवीर का ही सुपरहिट गाना जोगिया लगाया है। गाने के बोल कफन लंबा सलामियां ते ऊपर काख पाए उधरों कोई ना परतिया ते इधर लाख गए वर्तमान हालातों में प्रशंसकों के कलेजे को चीर रहे हैं। हर्षविंदर की इस पोस्ट पर हजारों की संख्या में कमेंट्स आ रहे हैं। फैंस और पंजाबी कलाकार परिवार को लिखा वाहेगुरु परिवार को बल बख्शे। राजवीर भाई हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। भाभी जी आप अकेले नहीं हैं हम सब आपके साथ खड़े हैं।

# आईटी पार्क कर्मचारी कमरे में मृत मिला, गले में तार लिपटा मिलने से उठे सवाल

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। चंडीगढ़ के आईटी पार्क क्षेत्र में काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। 26 वर्षीय युवक अपने किराये के कमरे में मृत मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मोनू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और चंडीगढ़ की न्यू इंदिरा कॉलोनी में किराये के कमरे में रहता था। वह आईटी पार्क स्थित एक कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मोनू अपने काम पर नहीं पहुंचा और उसका फोन भी लगातार बंद आ रहा था। इसके बाद उसके कार्यालय के दो सहकर्मी उसे देखने के लिए कमरे पर पहुंचे।



# बरनाला में गैस सिलेंडर की लाइन में बुजुर्ग की मौत: दो घंटे से कर रहे थे अपनी बारी का इंतजार, अचानक हार्ट अटैक होने से गिरे

पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च। मिडिल ईस्ट में युद्ध के चलते हुए एलपीजी संकट के कारण घरों में सिलेंडरों की किल्लत होने लगी है। इसको लेकर एजेंसियों पर लग रही लंबी लाइनें अब मुसीबत बन रही हैं। बरनाला जिले के गांव शैहना में गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे एक 66 वर्षीय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह गैस के लिए दो घंटे से लाइन में लगे थे। जानकारी के अनुसार, गांव शैहना निवासी भूषण कुमार मित्तल (66) अपने बेटे देवराज मित्तल के साथ आज सुबह 8 बजे से गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े थे। उनका नंबर 25वां था। इंतजार के दौरान, सिलेंडर पर बैठे-बैठे उन्हें अचानक हार्ट



अटैक आया और मौके पर ही उनका निधन हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में शोक फैल गया। परिवारजन शव को घर ले गए हैं और पोस्टमार्टम की व्यवस्था की जा रही है। भदौड़ हलके के कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह धालीवाल ने इस मौत के लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि मृतक मजदूरी करके अपना घर चलाता था।

धालीवाल ने केंद्र और पंजाब सरकार से मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोगों को सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है, जिसके कारण यह दुखद घटना हुई।

# हरियाणा ने टीबी उन्मूलन में तेजी लाने के लिए अपनाई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक : डॉ. सुमिता मिश्रा



हरियाणा/यूटर्न/ 13मार्च।रियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा ने पूरे राज्य में टीबी की पहचान, इलाज और भौगोलिक योजना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित तीन टूल लागू किए हैं। उन्होंने टीबी उन्मूलन में राज्य की तकनीकी पहलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में टीबी उन्मूलन के लिए एक सुव्यवस्थित तीन-स्तरीय एआई रणनीति लागू की गई है, जिसके तहत स्क्रीनिंग, मरीजों की निगरानी तथा भौगोलिक प्राथमिकता निर्धारण को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य ने फरवरी 2025 में तीन में से दो टूल Cough Against TB (CATB) और Vulnerability Mapping for Tuberculosis (VM-TB) — को चालू किया, जबकि तीसरा टूल, Prediction of Adverse TB Outcomes (PATO), अप्रैल 2023 से कार्यरत है। ये तीनों समाधान राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय टीबी प्रभाग के सहयोग से विकसित और लागू किए गए हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि CATB एक मोबाइल आधारित एप्लीकेशन है, जो खांसी की आवाज और लक्षणों का विश्लेषण कर संभावित पल्मोनरी टीबी के मामलों की स्क्रीनिंग करता है।

# बीआईएस चंडीगढ़ ने मनाया उपभोक्ता अधिकार दिवस



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के चंडीगढ़ शाखा कार्यालय द्वारा उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के उप महानिदेशक दीपक कुमार सिंगला ने किया। उन्होंने उपभोक्ता जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बाजार व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत बीआईएस चंडीगढ़ शाखा कार्यालय के प्रमुख विशाल तोमर के स्वागत भाषण से हुई।

# महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर, कांग्रेस ने केंद्र से मांगी राहत



हरियाणा/यूटर्न/ 13मार्च।नारनौल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिला प्रधान व महिला कांग्रेस प्रधान ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। नेताओं ने कहा कि आज आम जनता की सबसे बड़ी समस्या महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर गंभीर कदम उठाने में विफल रही है। इस मौके पर कांग्रेस के जिला प्रधान सत्यवीर यादव व महिला कांग्रेस की जिला प्रधान डा. राजवति ने कहा कि देश का आम नागरिक, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गृहिणियां महंगाई की मार से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, खाद्य तेल, दाल, सब्जियों और अन्य रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की महंगाई ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियां महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल रही हैं। पेट्रोल और डीजल पर अत्यधिक कर वसूली तथा आवश्यक वस्तुओं के दामों को नियंत्रित करने में सरकार की निष्क्रियता के कारण जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब देश की जनता महंगाई से परेशान है, तब सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए अत्यधिक करों में तत्काल कटौती की जाए और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी कर आम परिवारों को राहत दी जाए। साथ ही खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित किया जाए। नेताओं ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग व्यवस्था को भी सुचारू किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। कांग्रेस का कहना है कि महंगाई आज देश का सबसे बड़ा जनमुद्दा बन चुकी है और महिला कांग्रेस इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाती रहेगी।

## बच्चे से झपटमारी कर दो युवकों ने छीनी चेन, लोगों ने एक को पकड़ पीटा, फिर कपड़े उतार ले गए थाने



लुधियाना/यूटर्न/13 मार्च। शेरपुर नजदीक खोखा मार्केट में दो झपटमारों ने एक बच्चे के गले से सोने की चेन निकाल ली। बच्चे ने शोर मचाया तो लोगों ने एक झपटमार को पकड़ लिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। पब्लिक ने झपटमार की जमकर धुनाई की और उसके अर्द्धनग्न किया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे एक बच्चा मार्केट में से निकल रहा था। उसके गले में सोने की चेन थी। दो झपटमार उसका पीछा करने लगे। कुछ दूरी पर जाते ही उन्होंने बच्चे को घेर लिया। झपटमारों ने बच्चे के गले से चेन निकाली। इस दौरान बच्चा जोर से चिल्लाया, जिसकी वजह से आसपास के लोग वहां पहुंच गए। एक आरोपी वहां से फरार हो गया, जबकि दूसरे को लोगों ने पकड़ लिया।


# जीरकपुर में हुआ 41 यूनिट्स रक्त एकत्र



पंजाब /यूटर्न/ 13मार्च। विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा मोहाली ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से जीरकपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह रक्तदान शिविर जीरकपुर में मेट्रो स्टोर के सामने लगाया गया। ब्लड बैंक एम केयर ब्लड सेंटर जीरकपुर की टीम ने डॉक्टर कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में 41 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि उन्होंने बताया की लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि शाश्वत विश्वास, पवन गर्ग, संदीप परमार, राकेश कुमार गर्ग, अलका गर्ग व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# डीएमसी एंड हॉस्पिटल में विश्व किडनी दिवस मनाया गया

पंजाब /यूटर्न/ 13मार्च।डीएमसी एंड हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजी विभाग द्वारा डुमरा ऑडिटोरियम, एलटी-1 में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व किडनी दिवस की थीम ह्वसभी के लिए किडनी स्वास्थ्य झ्र लोगों की देखभाल, पृथ्वी की सुरक्षाह्व थी। कार्यक्रम का उद्देश्य किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना, किडनी रोगों की रोकथाम के बारे में जानकारी देना तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर श्री बिपिन गुप्ता, सचिव, डीएमसी एंड हॉस्पिटल मैनेजिंग सोसायटी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ श्री मुकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष, डीएमसी एंड हॉस्पिटल मैनेजिंग सोसायटी, डॉ. संदीप शर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ. आशिमा तनेजा, अतिरिक्त मेडिकल सुपरिंटेंडेंट तथा डॉ. विकास मक्कड़, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी सहित नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किडनी स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए डीएमसी एंड हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने रचनात्मक तरीके से किडनी स्वास्थ्य से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन किडनी प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) प्राप्त मरीजों को विशेष सम्मान दिया गया, जिन्होंने अपने प्रत्यारोपण के बाद 10 वर्ष से अधिक का समय सफलतापूर्वक पूरा किया है, तथा उन मरीजों को भी सम्मानित किया गया जो आठ वर्षों से अधिक समय से डायलिसिस पर हैं। उनके साहस और धैर्य की सराहना की गई तथा उनकी प्रेरणादायक यात्राओं को साझा कर अन्य लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिपिन गुप्ता ने कहा, ह्वकिडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं और इनके प्रति जागरूकता तथा समय पर जांच आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



# महिलाओं को वित्तीय सहायता से ज्यादा मान-सम्मान की जरूरत : नीति तलवाड़

पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च। गुरुओं-पीरों की यह धरती, जहाँ दुश्मन की बेटियों और बहनों को भी सम्मान दिया जाता है और जहाँ मुगलों के शासन के दौरान भी पंजाबियों ने देश की बेटियों की इज्जत के लिए कुर्बानियां दीं, आज उसी कौम की इज्जत को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तार-तार कर दिया है। उपरोक्त शब्द शिरोमणि अकाली दल की महिला नेता नीति तलवाड़ ने यूथ अकाली दल के अध्यक्ष अमरिंदर हुसैनपुरी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के खिलाफ किए गए रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहे। नीति तलवाड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह समझ लेना चाहिए कि महिलाओं को वित्तीय सहायता (पैसों) से कहीं अधिक मान और सम्मान की आवश्यकता है। अमरिंदर हुसैनपुरी जिला अध्यक्ष, यूथ अकाली दल उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अहंकार के कारण युवाओं और महिलाओं के कल्याण का कोई काम तो किया नहीं, बल्कि समय-समय पर उन्हें अपमानित



करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं दिया। विधानसभा के भीतर विपक्षी नेताओं के प्रति जो रवैया अपनाया जा रहा है, उसने लोकतंत्र की मर्यादा को भंग किया है। उन्होंने युवाओं से इस सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। लखविंदर लक्खी और जतिंदर सिंह लाली बाजवा इन नेताओं ने कहा कि सरकारें संयम से चलती हैं, लेकिन आज पंजाब के लोग नेताओं की गुंडागर्दी से त्रस्त हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूरे प्रदेश में केवल शिरोमणि अकाली दल ही सरकार की इस धक्केशाही के खिलाफ आवाज उठा रहा है। रोष प्रदर्शन के दौरान शंकराचार्य चौक पर मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर पूर्व, संजीव तलवाड़, शमशेर भारद्वाज और जगतार सिंह ने भी संबोधित किया। इस प्रदर्शन में स्त्री अकाली दल और यूथ अकाली दल के कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह एक्स, सुखविंदर कौर, रोजी वधावन, प्रिया सैनी, कृष्णा थापर, एमसी बब्बू बजवाड़ा, बलराज चौहान, सरबजीत सिंह मोमी, अमनदीप हुसैनपुर और अन्य नेता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह नेशनल मैराथन की टी-शर्ट जारी

पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च। पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने आज शहीद-ए-आजम भगत सिंह नेशनल मैराथन की आधिकारिक टी-शर्ट जारी की। यह मैराथन नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूत करने तथा पंजाब की युवा पीढ़ी को स्वस्थ और खेलों की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर उपस्थित पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर स जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान द्वारा चलाए जा रहे ह्लनशों विरुद्ध युद्धह्व अभियान की निरंतरता में पंजाब की युवा पीढ़ी को बचाने, युवाओं के भविष्य को सुनहरा बनाने और राज्य को फिर से हंसता-खेलता एवं रंगला बनाने के उद्देश्य से 22 मार्च 2026 को फुटबॉल की नर्सरी के रूप में प्रसिद्ध माहिलपुर (गढ़शंकर), जिला होशियारपुर में यह विशाल मैराथन आयोजित की जा रही है। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान ने अपना शपथ ग्रहण समारोह भी खटकड़ कलां में शहीदों को नमन करने के बाद किया था और यहां हर




वर्ष शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी सम्मान के तहत शहीदी दिवस से एक दिन पहले 22 मार्च को यह मैराथन शहीद-ए-आजम को समर्पित की जा रही है। स जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने एक स्वस्थ और मजबूत देश का सपना देखा था, जिसमें हर युवा देश की सेवा के लिए समर्पित हो। उनके इस सपने को साकार करने के लिए नशों का खात्मा करना और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। ऐसी मुहिमों के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना भी मजबूत होगी।

रोड़ी ने मैराथन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस नेशनल मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियों में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति भाग ले सकेंगे। विजेताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विशाल कार्यक्रम में पंजाब के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की भरपूर भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही देश-विदेश में नाम कमा चुकी कई प्रमुख हस्तियां भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## चंडीगढ़-ट्राइसिटी में बदलेगा मौसम का मिजाज, कल से बारिश और तेज हवाओं का येलो अलर्ट

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। मार्च के पहले पखवाड़े में बढ़ी गर्मी के बाद अब चंडीगढ़ और ट्राइसिटी के लोगों को राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से अगले तीन से चार दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिससे



तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। बीते दिनों चंडीगढ़ में गर्मी का असर तेजी से बढ़ा था और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान करीब 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि अब अगले 48 घंटों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण यह बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान तेज हवाएं, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है, जिसका असर किसानों की फसलों पर पड़ सकता है।

# शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब पुलिस द्वारा युवा रणजीत सिंह के एनकाउंटर मामले में उठाए गए बड़े सवाल

पंजाब/यूटर्न/ 13मार्च ।शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब पुलिस द्वारा युवा रणजीत सिंह के एनकाउंटर मामले में बड़े सवाल उठाए हैं। शिरोमणि



अकाली दल के प्रवक्ता एडवोकेट अमरदीप सिंह धारनी ने कहा कि मृतक रणजीत सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, वे सीधे शक के घेरे में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर रणजीत सिंह एनकाउंटर के दौरान गाड़ी पलटने के कारण भागा पाया गया, तो सीधे सीने में गोलियां कैसे लग सकती हैं। इतना ही नहीं, उस समय उसके पास दिखाई गई मोटरसाइकिल वह वहां कहां से आई और पुलिस द्वारा रणजीत सिंह पर लगाई गई हथकड़ियां कहां गईं। डॉक्टरों द्वारा किया गया यह पोस्टमार्टम 4 घंटे 8 मिनट तक चला। अपनी रिपोर्ट में डॉक्टरों ने खुलासा किया कि रणजीत सिंह के शरीर पर कुल 6 घावों के निशान थे। एक गोली का घाव उसके सीने के दाहिने हिस्से पर था। एक और गोली का घाव उसके सीने के बाएँ हिस्से पर था। उसके मुँह, नाक और कानों से खून बह रहा था।तीसरा और चौथा घाव उसकी पीठ के दाहिने और बाएँ हिस्से पर पाए गए, और ये घाव गोलियां निकलने के कारण थे। इसके अलावा, पाँचवाँ घाव उसके बाएँ हिस्से के माथे पर था, जहाँ लालिमा और सूजन थी। छठा घाव उसके दाहिने पैर पर था।



## हल्लोमाजरा में नगर निगम की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, लंबरदार ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 मार्च। चंडीगढ़ के गांव हल्लोमाजरा में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के लंबरदार कप्तान सिंह ने प्रशासन को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि निगम की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और वहां अवैध निर्माण व व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं।


शिकायत के अनुसार यह जमीन नगर निगम चंडीगढ़ के नाम दर्ज है और 5 अक्टूबर 2021 को इसकी म्यूटेशन भी निगम के नाम पर दर्ज हो चुकी है। इसके बाद राजस्व विभाग द्वारा जमीन की डिमार्केशन कर पिलर भी लगाए गए थे। इसके बावजूद आरोप है कि कुछ लोगों ने इस जमीन पर



अवैध कब्जा कर छोटे-छोटे प्लॉट बना लिए हैं और बिना किसी अनुमति के इमारतें खड़ी कर दी हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यहां मीट की दुकानें, कबाड़ी की दुकानें, सर्विस स्टेशन और बीड़ी-सिगरेट की दुकानें संचालित की जा रही हैं, जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है और ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह जमीन मुख्य सड़क के साथ लगती है और दिल्ली से चंडीगढ़ आने वाले प्रवेश मार्ग पर स्थित है।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष में लुधियाना के युवक समरजीत की मौत, पढ़ाई के लिए गया था

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मार्च। लुधियाना का एक 21 साल का युवक, जिसे रूस के लिए लड़ने के लिए धोखे से भेजा गया था, घर वापस आया - लेकिन एक ताबूत में। समरजीत सिंह, जैसा कि उसके परिवार का कहना है, डॉक्टर बनने के लिए रूस गया था, लेकिन वह युद्ध के मोर्चे पर पहुँच गया। परिवार के अनुसार, समरजीत को इस बहाने से रूसी सेना में शामिल कराया गया कि वह डॉक्टरों की एक टीम की मदद करेगा। हालाँकि, उसे रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया, जहाँ एक हमले में उसकी मौत हो गई।



**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़...**अपने बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इससे भी ज्यादा दुखद बात यह है कि पिछले कुछ महीनों से परिवार इस दुविधा में था कि उनका बेटा ज़िंदा है या मर चुका है। 11 मार्च को, उन्हें रूस से एक कॉल आया कि समरजीत रूसी सेना के लिए लड़ते हुए युद्ध में मारा गया है। बिलखते हुए पिता चरणजीत सिंह ने बताया कि उनका बेटा एक्स-रे टेक्नीशियन का डिप्लोमा करने के बाद, जुलाई 2025 में आगे की पढ़ाई के लिए रूस गया था।

**परिवार नहीं भेजना चाहता था विदेश...**मैं नहीं चाहता था कि मेरा बेटा आगे की पढ़ाई के लिए रूस जाए, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। मेरे बेटे को पता था कि भारत में उसकी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए मेरे पास सीमित पैसे हैं, इसलिए उसने विदेश जाने का फैसला किया।

## प्रोग्रेसिव पंजाब समिट: पंजाब का निवेश को बढ़ावा देने से कई उम्मीदें जगी, नेतृत्व ने रास्ता दिखाया, लेकिन चुनौतियाँ अभी भी

पंजाब का आर्थिक भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह लगातार निवेश आकर्षित कर पाता है या नहीं, रोजगार पैदा कर पाता है या नहीं, और खुद को एक प्रतिस्पर्धी औद्योगिक केंद्र के रूप में फिर से स्थापित कर पाता है या नहीं। खुशी की बात है कि हाल के घटनाक्रमों से पता चलता है कि राज्य सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी न केवल अवसरों को दर्शाती है, बल्कि राज्य की नीतिगत दिशा में उनके भरोसे को भी दिखाती है। इस उभरती गति के केंद्र में उद्योग और वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा हैं, जिनका निवेशकों के साथ लगातार जुड़ाव और व्यावहारिक सुधारों पर जोर, पंजाब के निवेश के माहौल को नया रूप देने लगा है। ऐसे दौर में, जब पूंजी उन राज्यों की ओर बहती है जो स्पष्ट नीतियों के साथ सक्रिय शासन का मेल बिठाते हैं, पंजाब का वैश्विक निवेशकों तक नए सिरे से पहुंच बनाना, समय के हिसाब से सही और जरूरी भी है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

सालों तक, पंजाब की रणनीतिक स्थिति, मजबूत कृषि आधार, उद्यमी संस्कृति और कुशल कार्यबल के बावजूद, इसकी औद्योगिक क्षमता का पूरी तरह से उपयोग नहीं हो पाया था। अक्सर जिस चीज की कमी खलती थी, वह थी निवेशकों के साथ लगातार जुड़ाव और इरादों को ठोस वादों में बदलने की क्षमता। राज्य सरकार का मौजूदा प्रयास, खासकर निवेशकों तक व्यवस्थित पहुंच और नीतिगत पहलों के जरिए, इसी कमी को पूरा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। निवेश शिखर सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव अक्सर परिणाम देने के बजाय सुर्खियाँ बटोरने के लिए आलोचना का शिकार होते हैं। लेकिन उनका असली महत्व उस जमीनी काम में निहित होता है जो उनके बाद होता है— लगातार बातचीत, विश्वास निर्माण और प्रशासनिक सहायता, जो निवेशकों की दिलचस्पी को जमीन पर उतरने वाली परियोजनाओं में बदल देती है। सरकार की मौजूदा रणनीति ठीक इसी तरह के लगातार जुड़ाव पर केंद्रित दिखाई देती है। औद्योगिक विकास को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने का प्रयास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पंजाब की भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मकता केवल विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) पर ही नहीं, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियों पर भी निर्भर करेगी। उद्योग और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाली पहलें एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने में मदद कर सकती हैं जो प्रौद्योगिकी-संचालित विकास को समर्थन दे। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यापार करने में आसानी) को बेहतर बनाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नीतिगत स्थिरता प्रदान करने पर जोर देना एक और सकारात्मक कदम है। आज निवेशक सरकारों से पूर्वानुमान लगाने की क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं। एक ऐसी प्रणाली जो प्रक्रियात्मक बाधाओं को कम करती है और साथ ही संस्थागत सहायता भी प्रदान करती है, वह निवेश के गंतव्य के रूप में किसी भी राज्य की आकर्षण क्षमता को काफी हद तक बढ़ा सकती है। इस बदलाव में नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जो मंत्री उद्योग जगत के नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं, अंतर्राष्ट्रीय संबंध बनाते हैं और अपने वादों को पूरा करते हैं, वे सरकार की गंभीरता के बारे में एक सशक्त संदेश देते हैं। इस संदर्भ में, पंजाब के निवेश को बढ़ावा देने में संजीव अरोड़ा द्वारा निभाई जा रही अग्रणी भूमिका सराहना की हकदार है। बेशक, सिर्फ.घोषणाओं से ही किसी अर्थव्यवस्था में बदलाव नहीं आ सकता। असली परीक्षा तो समय पर प्रोजेक्ट पूरे करने, रोजगार पैदा करने और यह पक्का करने में होगी कि निवेश के वादे असल में काम करने वाले उद्यमों में बदलें। अपनी साख बनाए रखने के लिए लगातार नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक कुशलता बहुत जरूरी होगी। फिर भी, यह दिशा काफी उम्मीद जगाने वाली है। सक्रिय नेतृत्व, निवेशकों के साथ लगातार जुड़ाव और औद्योगिक विकास के लिए एक दूरगामी सोच के साथ, पंजाब के पास अपनी अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूत करने और उद्यम व नवाचार के एक गतिशील केंद्र के तौर पर अपनी पुरानी जगह वापस पाने का एक शानदार मौका है।

# ब्लॉक समिति चुनाव में भारी हंगामा : कानून व्यवस्था का हवाला देकर तीसरी बार चुनाव प्रक्रिया स्थगित

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/मार्च। बीडीपीओ कार्यालय जगरांव में ब्लॉक समिति चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव आज एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गया। स्थानीय एसडीएम और चुनाव की नोडल अधिकारी उपिंदरजीत कौर बराड़ ने कानून व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) बनाए रखने का हवाला देते हुए चुनाव प्रक्रिया को तीसरी बार स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी यह चुनाव शपथ पत्र न भरे जाने और कोरम की कमी के कारण दो बार स्थगित किया जा चुका है।

**कैसे पलटा खेल और हंगामे का कारण:-** आज की बैठक में कांग्रेस के समर्थन में 11 सदस्य (9 कांग्रेसी और 2 निर्दलीय) उपस्थित थे, जबकि शिरोमणि अकाली दल ने इस चुनाव का बहिष्कार किया। आम आदमी पार्टी (आप) के 8 में से 7 सदस्यों के पहुंचने की खबर है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक निर्दलीय महिला सदस्य पवनप्रीत कौर मलक ने कथित तौर पर गलती से दोनों पक्षों की ओर हाथ खड़े कर दिए। इस घटना के बाद बैठक में मौजूद हलका विधायक बीबी सर्वजीत कौर माणुके और 'आप' सदस्यों ने अपनी जीत का दावा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। दूसरी ओर, कांग्रेसी सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध करते हुए प्रशासन और सरकार पर धक्केशाही के आरोप लगाए। बाद में महिला सदस्य पवनप्रीत कौर ने मीडिया के सामने स्पष्ट किया कि उनसे गलती से हाथ खड़ा हो गया था और वह फिर से कांग्रेस के खेमे में खड़ी नजर आई जबकि पवनप्रीत कौर दोनों टीमों की तरफ से खेलती नजर आई। जबकि पहले पवन प्रीत ने कैमरा के सामने बोलते हुए कहा था कि मैं निर्दलीय हूं और मैं किसी के पक्ष में भी अपना समर्थन नहीं दे रही हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे पर दबाव डाला जा रहा है बाद में उन्होंने कहा कि मेरे पर किसी का भी दबाव नहीं है मैं कांग्रेस पार्टी के साथ हूं।





विधायक सर्बजीत कौर मनुके



निर्दलीय ब्लैक समिति मेंबर पवनप्रीत कौर ब्लॉक गांव मलिक



एसडीएम उपेंद्रजीत कौर बराड़

## प्रशासन और विधायक का पक्ष

विधायक बीबी सर्वजीत कौर माणुके ने दावा किया कि कांग्रेस खेमे के दो सदस्यों ने 'आप' के पक्ष में हाथ खड़े किए थे, जिससे बौखलाकर कांग्रेसियों ने हंगामा किया। वहीं, एसडीएम उपिंदरजीत कौर बराड़ ने बताया कि कुछ सदस्यों द्वारा दोनों तरफ से हाथ खड़े करने के कारण शोर-शराबा बढ़ गया था, जिसके चलते चुनाव स्थगित करना पड़ा। उन्होंने पुष्टि की कि बैठक में 20 ब्लॉक समिति सदस्य और हलका विधायक सहित कुल 21 सदस्य उपस्थित थे (कुल वोट 26 : 25 सदस्य + 1 विधायक)।

**पुलिस छावनी में तब्दील रहा बीडीपीओ कार्यालय:** किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बीडीपीओ कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। एसपी, डीएसपी रैंक के अधिकारियों सहित थाना सिटी, सदर और सिद्धवां बेट की पुलिस फोर्स भारी संख्या में तैनात थी, लेकिन इतनी चाक-चौबंद व्यवस्था के बावजूद चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372